धार्मिक कार्यक्रम — हर मंगलवार श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़, भक्ति और उत्साह के साथ हो रहा आयोजन

# श्री राम मंदिर में 207वें सप्ताह हुआ अखंड हनुमान चालीसा पाठ





**नवभारत, जबलपुर।** मदन महल स्थित श्री राम मंदिर में विगत 207 सप्ताह से लगातार अखंड श्री हनुमान चालीसापाठ का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक मंगलवार शाम 7 बजे से 7:45 बजे तक आयोजित होने वाले इसधार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साह, आनंद और हर्षोल्लास के साथ शामिल होते हैं।

### नर्मदा अष्टक और श्रीराम स्तुति का हुआ आयोजन

सबसे पहले कार्यक्रम की शुरुआत जय जगदीश हरे आरती से हुई, जिसने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें बाद नर्मदा अष्टक, श्री हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं श्री राम स्तुति का आयोजन किया गया। धार्मिकअनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रभु प्रसाद वितरित किया गया।

### मंदिर समिति और कार्यकारिणी सदस्यों का मिल रहा सहयोग

मंदिर समिति के अनुसार हर मंगलवार को बड़ी संख्या में भक्तजन कार्यक्रम में शामिल होकर भक्ति भाव से प्रभुश्रीराम एवं हनुमान जी की आराधना करते हैं। इस आयोजन में श्री राम मंदिर के संयोजक गुलशन माखीजा केसंरक्षण एवं अध्यक्ष मनोज शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं पुजारी राम कुशल पांडे सहित पंकजगुलाटी, शैलू कपूर, जितिन नारंग, मनीष पोपली, पुनीत गुलाटी एवं राहुल सहगल सहित सभी कार्यकारिणीसदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### इनका कहना है



हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होकर मुझे मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

**अनूप पांडे**



लगातार होने वाला यह आयोजन लोगों को धर्म और भक्ति से जोड़ने का कार्य कर रहा है। मंदिर में सामूहिक पाठसे एक अलग ही आध्यात्मिक वातावरण बनता है।

**रामस्वरूप श्रीवास्तव**





# सुरक्षा मानकों-भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा

**म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड के निदेशक ने आयुध निर्माणी खमरिया का किया दौरा**

**नवभारत,जबलपुर।** म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड के राकेश ओझा, निदेशक (ऑपरेशन) ने आयुध निर्माणी खमरिया का औपचारिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उत्पादन गतिविधियों, आधुनिकीकरण कार्यों तथा गुणवत्ता सुधार संबंधी विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की। दौरे के दौरान राकेश ओझा ने निर्माणी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्पादन क्षमता, समयबद्ध आपूर्ति, सुरक्षा मानकों तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने रक्षा उत्पादन में उच्च गुणवत्ता एवं दक्षता बनाए रखने पर विशेष बल दिया तथा निर्माणी द्वारा किए जा रहे नवाचार एवं तकनीकी उन्नयन की भी सराहना की।

### आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर

बैठक में अधिकारियों द्वारा विभिन्न परियोजनाओं, उत्पादन उपलब्धियों एवं चल रहे विकास कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। निदेशक (ऑपरेशन्स) ने कार्य निष्पादन में समन्वय, गुणवत्ता नियंत्रण तथा आधुनिक तकनीकों के अधिकतम उपयोग पर जोर देते हुए निर्माणी को आत्मनिर्भर भारत एवं राष्ट्र की रक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल , वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### समदड़िया इन होटल और मॉल में फीडबैक देने पर मिलेगी 15 प्रतिशत छूट

**नवभारत,जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लक्ष्यों को प्राप्त करने और शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुँचाने के उद्देश्य से मंगलवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा आयुक्त कार्यालय में समदड़िया इन और समदड़िया मॉल के संचालक अजीत समदड़िया एवं कुबेर समदड़िया से चर्चा की और अनुरोध किया कि शहर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने की दिशा में भागीदारी करें और अधिक से अधिक लोगों से फीडबैक फार्म भरवाएँ। जिसपर श्री समदड़िया ने बताया कि मंगलवार से समदड़िया इन और समदड़िया मॉल में जो भी ग्राहक आयेगें और स्वच्छता फीडबैक देगें उन्हें बिल में 15 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा लगातार सभी वर्गो से संवाद किया जा रहा है और शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 में नम्बर 1 बनाने की दिशा में जनभागीदारी करने एवं साकारात्मक फीडबैक देने अपील की जा रही है, जिसके अंतर्गत शहर के सभी वर्गो के लोग आगे आकर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।



### कचहरी दरगाह में आज कुल शरीफ


**नवभारत,जबलपुर।** हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा दरगाह में चल रहे उर्स शरीफ के अंतिम दिन बुधवार को कुल शरीफ का आयोजन किया जाएगा। बाद नमाज़-ए- जुहर दोपहर 3 बजे महफिले रंग का आगाज़ होगा, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद शिरकत करेंगे। उर्स के इस मुबारक मौके पर जबलपुर के मशहूर कव्वालों द्वारा सूफियाना कलाम पेश किए जाएंगे। कुल शरीफ की फातिहा के बाद लंगर-ए-आम तक़सीम किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से आए जायरीन और स्थानीय लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं भी मांगी जाएंगी। दरगाह के सज्जादानशीन बाबर खान बंदानवाजी एवं खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी ने शहर की तमाम खानकाहों से जुड़े सूफी हज़रतों और अकीदतमंदों से इस मुबारक महफिल में शिरकत कर सवाबे दारैन हासिल करने की अपील की है।



### नागरिकों को जनगणना के महत्व के बारे में बताया

**नवभारत,जबलपुर।** पॉलिटेक्निक महाविद्यालय एनसीसी इकाई के एनसीसी कैडेटों द्वारा नया मोहल्ला से ओमती तक जनगणना जागरूकता अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल नितिन शर्मा, अधिकारी संजय बोडास एवं नगर निगम संभाग क्रमांक 12 से संभागीय अधिकारी मयंक चौरसिया, कमल तेकाम , मेजर कमलेश मेहरा के नेतृत्व में ये जनगणना जागरूकता अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान आमजन को जनगणना के महत्व, उससे होने वाले लाभ तथा देश के विकास में उसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही नागरिकों को यह समझाइश भी दी गई कि उनके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णत: सुरक्षित एवं गोपनीय रखी जाती है, इसलिए सही जानकारी देना आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सौरभ विश्वकर्मा, अनीता, दिलनाज बेगम, तथा एनसीसी कैडेट वेद आर्यन मयंक सुभोजीत कनिष्क मंडले एवं राजू तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने की तैयारी





**कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू**

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (एमपीपीकेवीवीसीएल), जबलपुर में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। डिजिटल कार्यप्रणाली की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत कंपनी के विभिन्न कार्यालयों में चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 11 मई 2026 से 21 मई 2026 तक विभिन्न बैचों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा । प्रारंभिक चरण में यह प्रशिक्षण सीटीआई, जबलपुर में ऑफलाइन माध्यम से तथा इसके पश्चात क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए ऑनलाइन माध्यम से संपन्न होगा । इन प्रशिक्षण सत्रों में नोडल अधिकारी, प्रबंधक (आईटी), कॉर्पोरेट एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे ।

### कुछ इस तरह होंगे लाभ

ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने के बाद कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, त्वरित फाइल निपटान, कागज रहित कार्यप्रणाली, बेहतर रिकॉर्ड प्रबंधन एवं समय की बचत जैसे महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे । इससे शासन की डिजिटल इंडिया पहल को भी मजबूती मिलेगी । इसी क्रम में मंगलवार को मुख्य महाप्रबंधक (मा. संसा. एवं प्रशा.) एवं हेड (सीएस एंड ए) के अंतर्गत संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण में हेड (सीएस एंड ए) अरविंद सक्सेना एवं प्रबंधक (आईटी) राधा चतुर्वेदी द्वारा ई-ऑफिस सिस्टम की विस्तृत जानकारी एवं उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई । कार्यक्रम में कॉर्पोरेट कार्यालय से मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) के मार्गदर्शन में आर.सी. साहू, महाप्रबंधक (स्थापना) सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।



नवनियुक्त जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन ने मंगलवार को नवभारत कार्यालय पहुंचकर यूनिट हेड अविनाश दीक्षित एवं नवभारत परिवार के सदस्यों से सौजन्य भेंट की।

### 23 हजार किसानों से खरीदा गया 15 लाख क्विंटल गेहूं

**जबलपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर अभी तक 23 हजार 486 किसानों से 15 लाख 05 हजार 460 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 188 करोड़ 44 लाख रुपये का भुगतान भी अभी तक कर दिया गया है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने भुगतान में और गति लाने के निर्देश उपार्जन से जुड़े अधिकारियों को दिये हैं। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ का उपार्जन 70 खरीदी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। अभी तक खरीदे गेहूँ की 95 प्रतिशत मात्रा का परिवहन हो चुका है। खरीदी के विरुद्ध लगभग 81 फीसदी मात्रा के स्वीकृति पत्रक जारी किये जा चुके हैं।

# शराब दुकान नहीं हटाई तो 14 से होगा सर्वदलीय आंदोलन

**नवभारत,जबलपुर।** 13 मई तक शराब दुकान नहीं हटने पर 14 मई से सर्वदलीय आंदोलन किया जाएगा। युवा कांग्रेस कैंट अध्यक्ष एडवोकेट सौरभ सिंह ने बताया मोहनिया मानेगांव से स्थानांतरित कर जेडीए मार्केट बड़ा पत्थर में स्थानांतरित की गई शराब दुकान का लगातार विरोध किया जा रहा है तथा क्षेत्रीय जनों में आक्रोश है। जिस स्थान पर शराब दुकान स्थानांतरित कर की गई है। वहां से मां दुर्गा जी का प्रतिमा चल समारोह, भगवान श्री गणेश जी का प्रतिमा चल समारोह, संत रविदास गुरु जी का चल समारोह सहित बौद्ध पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया जाता है और दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापना की जाती है, एवं सामने ही डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क स्थित है। जहां पर उनकी प्रतिमा लगाया जाना प्रस्तावित है, तथा ऑटो स्टेंड भी है, ऐसी स्थिति में शराब दुकान खोला जाना न्याय संगत नहीं है, विरोध प्रदर्शन के बाद शराब ठेकेदार द्वारा 13 मई तक शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने का वादा किया गया है. यदि दुकान स्थानांतरित नहीं की जाती है, तो 14 मई से सर्वदलीय आंदोलन होगा। कांग्रेस पार्टी के राजेंद्र मिश्रा, रमेश बोहित, राजेश यादव, सौरभ यादव, रवींद्र कुशवाहा, अनिल सोनकर, मनोज लोधी, बंटी मारुति, राजा राने तथा समाजवादी पार्टी के सत्येंद्र यादव, बहुजन समाज पार्टी के राजमणि साकेत, भारतीय जनता पार्टी के अजय कंडारी, युका जिलाध्यक्ष सत्तेन्द्र सोनू कुकरेले एवं अन्य ने चेतावनी दी है, कि वादा अनुसार शराब ठेकेदार उक्त दुकान को स्थानांतरित नहीं किया गया तो क्रमिक अनशन एवं उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# समवेत स्वर संस्था ने काव्यमय तरीके से की मां की आराधना

**नवभारत,जबलपुर।** समवेत स्वर संस्था द्वारा मां की महिमा पर साहित्य गोष्ठी का आयोजन आचार्य भगवत दुबे, डॉ. हरिशंकर दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें 100 से अधिक कवियों को श्रीमती शैल तिवारी स्मृति अलंकरण से सम्मानित किया गया। काव्योत्सव की संयोजना आशुतोष तिवारी ने की। इस दौरान अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मृदुला सिंह ,मुख्य अतिथि समीक्षक, कथाकार डॉ. तनुजा चौधरी, विशिष्ठ अतिथि राजेन्द्र मिश्रा डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, अभिमन्यु जैन,राजेश पाठक प्रवीण, स्मिता मिश्रा, डॉ. संध्या जैन श्रुति, डा. अरुणा पांडे ने मां की महिमा पर प्रकाश डाला।

### इन कवियों ने की रसवर्षा



मिथलेश नायक, रत्ना ओझा, डा. मुकुल तिवारी, प्रभा विश्वकर्मा शील , आशा अवस्थी, निधि अग्निहोत्री शशि चौधरी, आशा निर्मल जैन, सुषमा वीरेंद्र खरे, डा. सलमा जमाल, तरुणा खरे , प्रीति नामदेव, रजनी कोठारी, प्रतिमाअखिलेश, अनुराधा गर्ग, रचना श्रीवास्तव आरती तिवारी, छाया नरगिस, चन्दादेवी स्वर्णकार ,ज्योति प्यासी , कविता राय निर्मला डोंगरे, श्रीमती मिथलेश बड़गैयां, अनुकम्पा नायक, आकांक्षा सिंह,गीता गीत तारेश्वरी ठाकुर, अनीशा नेमा, पुष्पा पालीवाल, मोना बड़कुल, कविता महोबिया, रेणु मिश्रा, निशा सेठ तंजानिया, लता बागड़े,पूजा तोमर,प्रेमलता उपाध्याय ने विविध रचनाओं के माध्यम से मां पर काव्य रस वर्षा की।वहीं कवियों में डॉ.कौशल दुबे , राज सागरी, डा. विजय तिवारी, विजय अनुज, सुरेश विचित्र, विजय बागरी, सुभाष शलभ, अभय तिवारी, यशोवर्धन पाठक ,मनोज शुक्ल, संतोष नेमा, अमरसिंह वर्मा , प्रमोद दाहिया, अमित सिंह बाबा ,प्रकाश ठाकुर ,लखन रजक , मुकेश त्रिपाठी, नारायण तिवारी,इन्द्र सिंह राजपूत, आई. पी. गोस्वामी, सुदेश श्रीवास्तव, कुंजीलाल चक्रवर्ती गणेश प्यासा, संतोष दुबे, डा. शिवकुमार सिंह, अनुराग तिवारी, आलोक पाठक,महेश स्थापक,एम. एल. शर्मा,विनोद गुप्ता, अंशुल मिश्रा, मनोज जैन ने गीत गजल के माध्यम से सभी का मन मोहित कर दिया।

बैठक — मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

# आउटसोर्स कर्मियों की बेहतर कैरियर प्लानिंग पर ध्यान दें : एमडी



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अधिकारियों से कहा है कि कंपनी मे कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मियों से उनकी योग्यता एवं विशेषज्ञता के अनुरूप कार्य लिया जाए तथा उनकी बेहतर कैरियर प्लानिंग और कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यालय शक्ति भवन जबलपुर में आयोजित मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने आउटसोर्स कर्मियों से संवाद करते हुए कहा कि कंपनी में कार्य का बेहतर वातावरण उपलब्ध है, इसलिए कर्मी अपने नियमित कार्य के साथ उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करने का भी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि एमपी ट्रांसको में कार्य कर अनुभव प्राप्त करने वाले अनेक कर्मी देश की अन्य संस्थाओं में भी चयनित हुए हैं।

### रोटेशन के आधार पर कार्य करायें

प्रबंध संचालक ने अधिकारियों से दो टूक कहा कि आउटसोर्स कर्मियों को रोटेशन के आधार पर विभिन्न प्रभागों में कार्य करने का अवसर दिया जाए, ताकि उन्हें विविध कार्य प्रणालियों का अनुभव प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान उन्होंने एचआर विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि बदलते तकनीकी परिवेश में एआई और आधुनिक तकनीकों के उपयोग के साथ बेहतर कार्य संस्कृति विकसित करना आवश्यक है। साथ ही स्पष्ट किया कि मुख्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण समर्पण से कार्य करें, अन्यथा आवश्यकता अनुसार उन्हें फील्ड में स्थानांतरित किया जा सकता है, जहां कार्मिकों की अधिक आवश्यकता है। बैठक में मुख्य अभियंता (एचआर) धीरेंद्र सिंह सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माता मरियम की सहायता नि :स्वार्थ होती है : फादर खीस्तुराज

**फातिमा माता मरियम की वार्षिक भक्ति, नवीना का नौवां दिन**





**नवभारत,जबलपुर।** सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में वार्षिक भक्ति के अंतर्गत मंगलवार को नौदिवसीय प्रार्थना का नवां दिन था। इस पावन खीस्तयाग के मुख्य याजक सेंट अगस्टिन स्टडी हाउस के रेक्टर फादर खीस्तुराज ने भक्तजनों की उपस्थिति में पावन खीस्तयाग अर्पित करते हुए कहा कि जो भी माता मरियम के दिव्य दरबार में आकर मांगता है उसे निश्चित ही मिल जाता है। माता मरियम हमेशा सहायता करती हैं। माता मरियम के तीर्थस्थल में इन दिनों बेहद ही आकर्षक साज सजावट की गई है। माता मरियम के भक्त पवित्र तीर्थस्थल में विशाल संख्या में उपस्थित हो रहे हैं और मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्पों को अर्पित कर के अपनी मन्नतें मांगते हुए प्रार्थना में लीन नजर आ रहे हैं।

### आज दर्शन का पर्व दिवस

बुधवार को फातिमा माता मरियम के दर्शन का 110 वाँ पर्व दिवस है। इस दिन जबलपुर कैथोलिक धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष परम श्रद्धेय बिशप डॉ. जे. जी. वलन अरसु द्वारा पावन खीस्तयाग अर्पित किया जायेगा। इस अवसर पर धर्मप्रान्तीय पुरोहितों की भी उपस्थिति रहेगी। ग्रोटो चैपलिन फादर बिपिन खालको एवं ग्रोटो समिति के सदस्यों ने माता मरियम के भक्तजनों से माता मरियम के दर्शन के पर्व दिवस के मिस्सा पूजा में उपस्थिति की अपील की है ।